तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 12.0 डिग्री

हरिभूमि
# रतन भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025

[ राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर ]

13 किसानों को रासायनिक खेती को त्याग प्राकृतिक...


14 शहीद वीर नारायण सिंह के पदचिन्हों पर चलकर...




कुणाल एग्रो राजीव लोचन मोटर पंप सर्विस
नलकूप खनन एवं सेलो बोर के लिए संपर्क करें
बोर खुदाई नगदी में पंप 3 महीने का उधारी मिलेगा
फ्लोमार्क सबर रिलायंस रोमैक्स आईडोल यह सभी कंपनी का 100 वोल्टेज से चलता है।

छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त पंजीकृत फॉर्म
कुणाल एग्रो

■ सांई मंदिर के सामने राजिम, 7828297607, 9009541542 ■ दुकली हाई स्कूल के सामने साहू हालर मिल धमतरी जिला


## खबर संक्षेप

### भेण्डरी में भागवत कथा 1 जनवरी से



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में 1 से 9 जनवरी तक गौ माता संवर्धन के लिए श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन होने जा रहा है। कथावाचक रत्नेश राममिलन पांडे महाराज है। इस आयोजन को गौ माता की सेवा के लिए किया जा रहा है जो भी चढ़ोत्री होगा उसे गौ माता की सेवा में लगाया जाएगा।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**गरियाबंद।** प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 23 दिसंबर को गरियाबंद विकासखण्ड के ग्राम नागाबुड़ा के शासकीय हाई स्कूल परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसी कारण कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 23 दिसम्बर को आयोजित होने वाले जनदर्शन को स्थगित की गई है। आगामी कलेक्टर जनदर्शन बुधवार 24 दिसम्बर को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगा।

### सरकड़ा में मड़ई-मेला आज

**पाण्डुका।** अंचल के ग्राम सरकड़ा में 23 दिसंबर को मड़ई-मेला का आयोजन सभी पदाधिकारी, ग्रामवासी के सहयोग से रखा गया है। जिसमें दर्शकों के लिए रात्रिकालीन आदर्श लोककला मंच छत्तीसगढ़ी नाचा कार्यक्रम ग्राम हिच्छा पोटिया(महासमुंद) की प्रस्तुति रखी गई है। उक्त जानकारी पैरी प्रवाह युवा संगठन के युवाओं ने दी।

### महिलाओं के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम डोंगारक्शा में महिलाओं के साथ मारपीट के मामले में दो आरोपियों के विरूद्ध सिंघोड़ा थाना में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को संतोषिनी कोंद निवासी डोंगारक्शा ने बताया कि उसकी मां की मृत्यु के बाद मां के नाम की जमीन बड़ी दीदी प्रेमाबाई कोंद के नाम पर है। जिसमें वह अपनी दीदी भूमिबाई कोंद के साथ मिलकर खेती किसानी करती है। प्रार्थिया ने बताया कि धान कटाई के बाद उक्त जमीन खाली पड़ा था, जिसमें 21 दिसंबर को गांव के हिमांशु एवं अक्षय कोंद द्वारा धान बोने के लिए पानी डाला जा रहा था।

**सौगात :** जिले में 15 करोड़ की लागत से बनेगा भव्य इस्कॉन मंदिर, डॉ. रमन सिंह ने किया भूमिपूजन व शिलान्यास

# इस्कॉन मंदिर में होगी गौशाला व गीता अध्ययन केंद्र, रोजगार के भी खुलेंगे द्वार : विस अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

■ 2 साल में तैयार होगा मंदिर, मिश्रा परिवार ने दी चार एकड़ भूमि व एक करोड़ की दी सहयोग राशि

जिला मुख्यालय गरियाबंद में भक्ति, संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना का नया केंद्र बनने जा रहे श्री श्री राधा गिरिधारी (इस्कॉन) मंदिर का सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य भूमिपूजन संपन्न हुआ। करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मंदिर का शिलान्यास विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने इस्कॉन छत्तीसगढ़ के प्रमुख परम पूज्य भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज की उपस्थिति में किया। सोमवार को आयोजित समारोह में वैष्णव होम, वास्तु पूजा एवं विशेष अनुष्ठानों के पश्चात मंदिर निर्माण कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा की स्कॉन मंदिर में गौशाला व गीता अध्ययन केंद्र, रोजगार के भी द्वार खुलेंगे। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूप कुमारी चौधरी, राजिम विधायक ▸▸|शेष पेज 12 पर





### जिले में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

गरियाबंद। इस्कॉन मंदिर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने सोमवार को गरियाबंद पहुंचे छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का तिरंगा चौक पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य और उत्साहपूर्ण स्वागत किया। स्वागत के दौरान ढोल-नगाड़ों की गूंज, आतिशबाजी और पुष्पवर्षा से पूरा क्षेत्र भाजपा रंग में रंगा नजर आया। स्वागत कार्यक्रम की अगुवाई भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने की। इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा सांसद रूपकुमारी चौधरी, राजिम विधायक रोहित साहू, महासमुंद



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। डॉ. रमन सिंह के आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्वागत के लिए तिरंगा चौक पर एकत्रित हुए। उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का गरियाबंद जिले से विशेष लगाव रहा है। उनके मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान यह जिला विकास की प्राथमिकता में रहा, जिसके चलते आज भी कार्यकर्ताओं और आमजन में उनके प्रति विशेष आत्मीयता देखने को मिलती है। कार्यकर्ताओं के ▸▸|शेष पेज 12 पर

## निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

■ कलेक्टर उइके ने किया जिड़ार में निर्माणाधीन छात्रावास का औचक निरीक्षण

कलेक्टर श्री बीएस उइके ने मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम जिड़ार में पीएम जनमन योजना के तहत 3 करोड़ रूपये से अधिक की लोगत से निर्माणाधीन छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी एवं संबंधित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली तथा कार्य की प्रगति का जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान नए बनने वाले हॉस्टल के स्थल में जाकर जगह का लेआउट एवं ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन किया। उन्होंने हॉस्टल में सर्व सुविधा व्यवस्था को सुनिश्चित करते हुए रूम, बरामदा, आंगन, शौचालय, बाथरूम आदि के निर्माण की सुचारु व्यवस्था की प्लानिंग के साथ निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी को मिलकर इस महत्वपूर्ण परियोजना को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला प्रशासन का यह प्रयास है कि जिले के प्रत्येक नागरिक को उच्च स्तरीय और सुलभ शिक्षा सेवाएं मिल ▸▸|शेष पेज 12 पर



### आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हॉस्टल भवन इस प्रकार तैयार हो कि आने वाले कई वर्षोंर् तक क्षेत्र की बढ़ती विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा कर सके। कलेक्टर श्री उईके ने निरीक्षण के दौरान यह भी कहा कि हॉस्टल के निर्माण में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने हॉस्टल में सभी बुनियादी सुविधाओं के लिए आवश्यक जरूरतों जैसे पेयजल की व्यवस्था, शौचालय, स्नानघर साथ ही परिसर में हरियाली और साफ-सफाई की व्यवस्था पर भी विशेष जोर दिए। उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थी इसी छात्रवास में रहकर अध्ययन करेंगे इसलिए निर्धारित समयावधि में निर्माण कार्य पूरा करें। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर, एसडीएम मैनपुर श्री तुलसीराम मरकाम, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, जिड़ार के सरपंच श्री मुकेश कपिल एवं निर्माण एजेंसी के ठेकेदार आदि उपस्थित रहे।

## श्री साईं पीकरी धाम को पर्यटन स्थल का दर्जा देने हुई बैठक



**राजिम।** श्री साईं पीकरी धाम टेका को पर्यटन स्थल बनाने के संबंध में प्रमुख ट्रस्टी मोहन ठाकुर की मौजूदगी में एक बैठक रखा गया। जिसमें दुर्गा ठाकुर, गंगाप्रसाद भारद्वाज, मोहन ठाकुर, बिसाहू साहू, सालिक ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, दुवेंद्र ठाकुर, टोमन साहू, दानेश्वर ठाकुर, चंद्रशेखर साहू, चिंता साहू, कमल साहू, धर्मुदास कुर्रे, दिनेश ठाकुर, धनीराम, तोरण ठाकुर, कृष्णानंद साहू, फागु सतनामी,उत्तम यादव, भूखन साहू, तेजराम देवांगन, रेमन ध्रुव बैगा, टेनू साहू, बद्री ठाकुर, उत्तम साहू, समारू साहू, आशुतोष ठाकुर मौजूद थे। ग्रामीणों ने एक राय से साईं धाम को पर्यटन स्थल का दर्जा देने शासन स्तर में रखने की बात कही।

## छत पर चल रही थी क्लास, शिक्षक को देख छात्र ने लगाई छलांग, दोनों पैर टूटे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाण्डुका

■ सांकरा हाई स्कूल प्रबंधन की लापरवाही

विकासखंड छुरा के ग्राम पंचायत सांकरा स्थित हाई स्कूल से लापरवाही का एक गंभीर मामला सामने आया है। स्कूल की छत पर कक्षा लगाए जाने के दौरान मची अफरा-तफरी में नौवीं कक्षा का एक छात्र छत से कूद गया, जिससे उसके दोनों पैर बुरी तरह टूट गए। इस हादसे के कारण छात्र न केवल शारीरिक कष्ट झेल रहा है, बल्कि वह अपनी अर्धवार्षिक परीक्षा से भी वंचित हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, बीती 9 दिसंबर को हाई स्कूल सांकरा के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक के.के. देवांगन कक्षा दसवीं के छात्र-छात्राओं की क्लास स्कूल की छत पर ले रहे थे। इसी दौरान नौवीं कक्षा का छात्र टेमन ▸▸|शेष पेज 12 पर






### अस्पताल में चल रहा इलाज, परीक्षा छूटी

हादसे के बाद शिक्षक देवांगन छात्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाण्डुका ले गए, जहां से उसे गरियाबंद और फिर राजिम-नवापारा के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से छात्र का इलाज कराया गया। वर्तमान में छात्र घर पर बिस्तर पर है। घटना के कारण वह स्कूल की अर्धवार्षिक परीक्षाओं में शामिल नहीं हो सका, जिससे उसके शैक्षणिक भविष्य पर भी संकट खड़ा हो गया है।

### शिक्षक और प्राचार्य ने कहा - छात्र था शरारती

इस मामले में जब शिक्षक केके देवांगन से चर्चा की गई, तो उन्होंने छात्र को ही जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, टेमन लाल बहुत ही बदमाश किस्म का छात्र है और शिक्षकों की बात नहीं मानता। मैंने उसे सीढ़ी से उतरने को कहा था, लेकिन वह जल्दबाजी में गिर गया। वहीं, संस्था की प्राचार्य नीना नरवरे ने भी छात्र की बदमाशी का हवाला देते हुए कहा कि इसकी जानकारी पहले भी पालकों को दी गई थी। उन्होंने स्वीकार किया कि उस दिन शिक्षक छत पर दसवीं की क्लास ले रहे थे और यह घटना रिसेस (मध्यांतर) के समय हुई।

## व्यापारी का रुपयों से भरा बैग लेकर भागा चोर, वारदात सीसीटीवी में कैद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

गरियाबंद जिले के तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित सप्ताहिक बाजार में आज सोमवार को उस समय अफरा तफरी हड़कंप मच गई जब एक सब्जी व्यवसायी के गल्ले पैसे से भरा बैग को चोर ने उठाकर तेज रफ्तार भागा और उसके पीछे लोग चिल्लाते हुए भागे यह पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है वही दूसरी ओर पुलिस का दावा है जल्द ही चोर को पकड़ लिया जायेगा। मैनपुर साप्ताहिक बाजार सोमवार को उस वक्त सनसनी फैल गई जब भीड़-भाड़ के बीच एक शातिर चोर ने सब्जी विक्रेता के गल्ले में रखे हजारों रुपये पर हाथ साफ कर दिया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। चोर की पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें उसकी फिल्मी स्टाइल फरारी साफ नजर आ रही है। जानकारी के मुताबिक सब्जी बेचने आए व्यापारी ने दिनभर की बिक्री की रकम थैली में रखी थी। ग्राहकों की भारी भीड़ का फायदा उठाकर चोर ने बड़ी चालाकी से नगदी निकाल ली और भाग निकला। जब चोरी का पता चला तो बाजार में मौजूद लोग "चोर-चोर" चिल्लाते हुए उसके पीछे दौड़े, लेकिन चोर भीड़ में ऐसा घुला कि पलक झपकते ही आंखों से ओझल हो गया। सीसीटीवी फुटेज में यह भी साफ दिख रहा है कि भागते वक्त चोर की थैली से रुपये जमीन पर गिरते रहे, फिर भी वह बिना रुके फरार हो गया। यह दृश्य अब पूरे बाजार में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना के बाद पीड़ित सब्जी विक्रेता थाने पहुंचा, जहां मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी है पुलिस का दावा है कि सीसीटीवी फुटेज जल्द ही चोर को सलाखों के पीछे पहुंचाएगा।



**21 हजार रुपए के साथ ट्रॉफी पर जमाया कब्जा**

## वॉलीबॉल के रोमांचक फाइनल में रायपुर टीम बना चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

कान्हा क्लब गरियाबंद द्वारा आयोजित दो दिवसीय ओपन वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन देर रात रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। फाइनल में रायपुर जिला टीम ने साई रायपुर को पांच सेट तक चले कड़े मुकाबले में 3-2 से पराजित कर भव्य ट्रॉफी और इक्कीस हजार रुपए की नकद पुरस्कार राशि अपने नाम की। पहले दो सेट साई रायपुर ने जीते, लेकिन इसके बाद रायपुर जिला टीम ने शानदार वापसी करते हुए लगातार तीन सेट जीतकर मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। कड़ाके की ठंड के बावजूद हजारों दर्शक अंतिम क्षण तक मैदान में डटे रहे और विजेता टीम की घोषणा होते ही पूरा मैदान तालियों और जयघोष से गूंज उठा। फाइनल मुकाबले में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष अनिल चंद्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गफ़्फ़ू मेमन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अजय रोहरा, सुरेंद्र सोनटेके, हरमेश चवाड़ा, वरुण जैन, ओम प्रकाश यादव, ज्ञानेश तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सेमीफाइनल में रायपुर जिला ने खेलो इंडिया को तथा साई रायपुर ने ▸▸|शेष पेज 12 पर





## खबर संक्षेप

### हेमंत बने भाजपा युवा मोर्चा गरियाबंद के नए जिलाध्यक्ष

**मैनपुर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गरियाबंद के हेमंत कुमार नागेश को जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने से भाजपा युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने देवभोग क्षेत्र निवासी हेमंत कुमार नागेश को भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद क्षेत्र में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पटाखे फोड़ मिठाई बांटकर जमकर खुशिया मनाई साथ



ही बधाई देने वालो का तांता लगा हुआ है। मैनपुर पहुंचे भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार नागेश ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा पार्टी संगठन ने जिस उम्मीद के साथ उन्हे यह जिम्मेदारी सौपी है उसे पूरी तरह पूरा किया जायेगा। पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य किया जायेगा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को पार्टी से जोड़कर सरकार की योजनाओ को गांव गांव तक पहुंचाने विशेष अभियान चलाया जायेगा। श्री नागेश ने कहा युवा मोर्चा भाजपा पार्टी की रीढ़ की हड्डी के समान है युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बहुत संघर्शशील होते है आज के युवा पीढ़ी को देशहित एवं राष्ट्रहित के लिए आगे आने की जरूरत है। श्री नागेश ने चर्चा में कहा केन्द्र के नरेन्द्र मोदी सरकार ने पूरे विश्व में एक नया किर्तीमान स्थापित किया है और देश कई ऐतिहासिक उपलब्धिया हासिल की है तो वहीं दूसरी ओर छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है सुशासन सरकार के सफलता दो वर्श सेवा संकल्प और समर्पण की मिशाल है इन दो वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास विश्वास और जनकल्याण के नये आयाम स्थापित किये है। श्री नागेश ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं सभी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम सुशासन सप्ताह के अंतर्गत हुआ भव्य आयोजन

**सरायपाली।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तोषगाँव में ₹प्रशासन गाँव की ओर₹ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सरला कोसरिया महिला आयोग सदस्य, कुमारी भास्कर भाजपा जिला मंत्री, सभापति जिला पंचायत लोकनाथ बारीक, सभापति जिला पंचायत महसमुंद, मुकेश धर्मेंद्र चौधरी उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, उद्धव नंद सभापति जनपद पंचायत, बालमोती रेशम पटेल, सरपंच तोषगांव मोहित रोतिया, सरपंच पझरापाली हरीशंकर नेटी, सरपंच इच्छापुर युगल साहू, अतिथि के रूप उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं को सीधे ग्रामीणों तक पहुँचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान सरला कोसरिया ने हितग्राहियो के साथ आत्मीय संवाद स्थापित किया।

## विडंबना : रखरखाव के अभाव में अब यह भवन बदहाली की कगार पर

# सरपंच सदन पर बिहान का कब्जा, पेड़ों के नीचे बैठने को मजबूर जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

शासन की लाखों की योजनाएं कैसे प्रशासनिक अनदेखी की भेंट चढ़ जाती हैं, इसका जीता-जागता उदाहरण जनपद पंचायत मैनपुर परिसर में बना 'सरपंच सदन' है। जिस भवन का निर्माण दूर-दराज के गांवों से आने वाले सरपंचों की सुविधा के लिए किया गया था, वह आज अपनी बुनियादी पहचान खो चुका है। पिछले 12 वर्षों से इस सदन का लाभ सरपंचों को नहीं मिल पा रहा है। वर्ष 2013-14 में लगभग 20 लाख रुपये की लागत से इस भवन का निर्माण इसलिए किया गया था ताकि ब्लॉक मुख्यालय पहुंचने वाले सरपंचों को ठहरने और आराम करने की जगह मिल सके। पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी के प्रयासों से यहां फर्नीचर और पेयजल की व्यवस्था भी की गई थी, लेकिन रखरखाव के अभाव में अब यह भवन बदहाली की कगार पर है। मैनपुर विकासखंड का क्षेत्रफल 100 किमी से भी अधिक लंबा-चौड़ा है। ओडिशा सीमा से लगे गोहरापदर, सरगीगुड़ा, खरीपथरा, चिखली और धनोरा जैसे गांवों से सरपंच लगभग 80 किमी की दूरी तय कर मुख्यालय पहुंचते हैं। काम पूरा न होने पर सरपंचों को रात रुकने के लिए अपने रिश्तेदारों के घरों में शरण लेनी पड़ती है। दिन भर जनपद पंचायत में काम के सिलसिले में रुकने वाले 74 ग्राम पंचायतों के सरपंच और प्रतिनिधि या तो पेड़ों के नीचे बैठते हैं या चबूतरों पर समय काटते हैं।



### सरपंच सदन को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाए

इस मामले में जनपद पंचायत मैनपुर के सीईओ डीएस नागवंशी का कहना है कि अन्यत्र भवन के अभाव के चलते बिहान योजना का कार्यालय फिलहाल सरपंच सदन में संचालित किया जा रहा है। क्षेत्र के सरपंचों ने गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर से मांग की है कि इस महती योजना को सार्थकता प्रदान करें। सरपंचों ने अपील की है कि बिहान कार्यालय को अन्यत्र स्थानांतरित कर सरपंच सदन को सर्वसुविधायुक्त बनाया जाए, ताकि दूर-दराज से आने वाले जनप्रतिनिधियों को राहत मिल सके।

### सरपंच सदन में दूसरे विभाग का कब्जा

सरपंचों को उनके हक के भवन से वंचित रखने का मुख्य कारण वहां 'बिहान योजना' के कार्यालय का संचालित होना है। सरपंचों का आरोप है कि जिस उद्देश्य के लिए भवन बना, उसे छोड़कर अन्य गतिविधियों के लिए इसका उपयोग करना गलत है।शासन ने जिस उद्देश्य के लिए इस सदन का निर्माण किया है, उसका लाभ सरपंचों को नहीं मिल रहा। यहां सभी सुविधाएं बहाल कर इसे तुरंत सरपंचों के उपयोग के लिए सौंपा जाना चाहिए।

## राजिम त्रिवेणी संगम और जतमई में उमड़ेगा सैलाब, तैयारियां शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजिम

नया साल 2026 के लिए अब महज एक सप्ताह का समय शेष रह गया है। नए साल का स्वागत करने और जश्न मनाने की तैयारी में युवाओं का समूह जुट गया हैं। इसके पहले थर्टी फर्स्ट में इंज्वॉय के साथ 2025 को विदाई देने और 2026 के स्वागत करने नाचने, ठुमकने और शानदार पार्टी की तैयारियां लोग अपने-अपने स्तर पर कर रहे हैं। नए साल की पहली तारीख को पिकनिक मनाने वालों की भीड़ पूरे क्षेत्र में देखने को मिलेगी।बता दें कि इन दिनों पूरा राजिम क्षेत्र शीतलहर के आगोश में है। शीतलहर को देखते हुए सैलानियों को इस हिसाब से गरम कपड़े लेकर निकलना होगा। देखने में आता है कि हर कोई अपने-अपने तरीके से कोई दोस्तों के साथ तो कोई परिवार के साथ नव वर्ष मनाने पहुंचते हैं। मंदिरों व पिकनिक स्पाट में लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल एवं पर्यटन क्षेत्र होने के कारण लोगों की पहली पसंद राजिम होती है लिहाजा भीड़ भी काफी रहेगा। यहां भगवान श्री राजीव लोचन मंदिर, कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर, चंपेश्वर महादेव मंदिर तथा जंगल-पहाड़ों के बीच मां जतमई-घटारानी मंदिर क्षेत्र है इसलिए हर कोई नया साल का पहला दिन भगवान के श्री चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद लेना चाहते है। हर लोगों का जश्न मनाने का अपना-अपना तरीका होता है। अधिकांशतः 31 दिसंबर को साल 2025 की विदाई के लिए तैयारी में लग गए हैं। राजिम ग्रामीण क्षेत्र कहलाता है। यहां प्रेमरतन पैलेस के अलावा न तो कोई बड़ा होटल है और न ही पार्टी सिपरेट के लिए कोई विशेष जगह। अलबत्ता पर्यटन और धार्मिक क्षेत्र होने की वजह से जंगल, पहाड़, नदी के बीच लोग इंजॉय कर सकेंगे। पिछले कई वर्षो से राजिम के त्रिवेणी संगम के अलावा घटारानी, जतमई में लोगों की भीड़ देखने में आ रही है। 25 से 30 हजार की संख्या में दुर्ग, भिलाई, रायपुर, धमतरी जिले के पर्यटक और सैलानी मित्रों तथा परिवार के साथ यहां पहुंचते हैं।

## जनपद सदस्य ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण...



**झलप।** जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने आंगनबाड़ी सिंघनपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आंगनबाड़ी केंद्र का भवन अति जर्जर हो चुका है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। वर्तमान में इस केंद्र में 58 बच्चे अध्ययनरत है, जर्जर भवन की जानकारी प्रशासन को कई बार दी गई है लेकिन आज तक इसके लिए कोई भी कदम नहीं उठाया गया। जनपद सदस्य तीजन गब्बर साहू ने कहा कि अगर जल्द से जल्द आंगनबाड़ी भवन निर्माण शुरू नहीं किया गया तो आंगनबाड़ी केंद्र में तालाबंदी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान ग्राम के उपसरपंच रामेश्वर गब्बर साहू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा योगी, मधु निषाद मोहनी साहू, महावीर साहू, तोरण साहू, हेमलाल साहू आदि समेत ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# पूर्व मंत्री उमेश पटेल से मिले कांग्रेसी नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश नंदकुमार पटेल के रायपुर प्रवास के दौरान बसना–पिथौरा क्षेत्र के कांग्रेस एवं युवा कांग्रेस नेताओं ने पिथौरा स्थित रेस्ट हाउस में उनसे सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति के साथ-साथ किसानों के समक्ष उत्पन्न गंभीर समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

चर्चा के दौरान किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव संजय सिन्हा ने प्रदेश की भाजपा सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि वर्तमान शासन में किसान दाने-दाने के लिए परेशान है। उन्होंने बताया कि धान बिक्री को लेकर किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।



सोसायटियों में तकनीकी खामियों और कुप्रबंधन के चलते टोकन समय पर नहीं कट पा रहे हैं, वहीं धान का समय पर उठाव नहीं होने और जटिल नियमों के कारण किसानों को मंडियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पूर्व मंत्री उमेश पटेल ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों और आम जनता के साथ खड़ी रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर जनहित की लड़ाई लड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस सड़कों से लेकर सदन तक आवाज बुलंद करेगी।

मुलाकात करने वाले में किसान कांग्रेस के प्रदेश सचिव संजय सिन्हा, बसना विधानसभा युवक कांग्रेस अध्यक्ष कौशल रोहिल्ला, युवा नेता मिंकू अजमानी, टेटे विश्वकर्मा, रमेश निषाद, किशन ठाकुर, चैंपियन विश्वकर्मा, तरुण प्रधान, रमेश सिदार उपस्थित रहे।

# 80 प्रतिशत आदिवासी ग्राम पंचायतों में चना नहीं मिल रहा

## जिला पंचायत सदस्य मोक्ष प्रधान ने सरकारी पर लगाए गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बसना

जिले के अधिकांश आदिवासी बहुल ग्राम पंचायतों में शासन की महत्वाकांक्षी चना वितरण योजना का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेता मोक्ष प्रधान ने वर्तमान भारतीय जनता पार्टी सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कड़ी निंदा की है।

मोक्ष प्रधान ने कहा कि जिले की लगभग 80 प्रतिशत आदिवासी ग्राम पंचायतों में योजना पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। योजना के अंतर्गत मिलने वाली आवश्यक सामग्री और सुविधाएं समय पर ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रही हैं, जिससे गरीब और आदिवासी परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने आगे कहा कि भाजपा के तथाकथित "सुशासन" में पिछले लगभग तीन महीनों से खाद्यान्न विभाग द्वारा चना का वितरण नहीं किया



गया है। इससे सरकारी राशन पर निर्भर हजारों परिवारों की स्थिति दयनीय हो गई है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं के पोषण पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

मोक्ष प्रधान ने आरोप लगाया कि सरकार केवल कागजों में योजनाएं चला रही है, जबकि जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। आदिवासी क्षेत्रों की लगातार अनदेखी की जा रही है और अधिकारियों की लापरवाही के कारण योजनाएं धरातल पर विफल हो रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि इस योजना की तत्काल समीक्षा की जाए, खाद्यान्न वितरण में हो रही लापरवाही पर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए, तथा सभी पात्र हितग्राहियों को शीघ्र चना एवं अन्य राशन सामग्री उपलब्ध कराई जाए।

अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो कांग्रेस पार्टी और जनप्रतिनिधि आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी।

## कोमल साहू ग्रामीण व सत्तार बेग शहर अध्यक्ष निर्वाचित



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधी अभियंता संघ रायपुर शहर के अध्यक्ष सत्तार बेग व सचिव दुष्यंत टंडन तथा रायपुर ग्रामीण क्षेत्र के अध्यक्ष पद पर इंजीनियर कोमल साहू, सचिव इंजीनियर आदित्य वर्मा को निर्विरोध निर्वाचित किया गया, उन्हें उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी।

### घासीदास जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए तुषार



**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कांपा में आयोजित गुरु घासीदास जयंती में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान संबोधित करते हुए तुषार ने कहा नशे के खिलाफ लड़ने का लिया संकल्प, बाबा घासीदास की जयंती के अवसर पर नशे से दूर रहे, नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों में शामिल होकर लोगों को जागरुक करें. बाबा गुरु घासीदास के संदेश, सत्य अहिंसा, समानता और मानवता के मूल्यों पर चलने के लिए सभी को प्रेरित किया साथ ही अंधविश्वास, भेद-भाव व जातिवाद के खिलाफ सभी मानव को जागरूक रहने व सत्य की मार्ग पर चलने की बात दोहराई.

पेज 11 के शेष...

### इस्कॉन मंदिर में ...

रोहित साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा, छत्तीसगढ़ फिल्म निगम की अध्यक्ष मोना सेन, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, अनिल चंद्राकर, नीरज मिश्रा, शैलेंद्र साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, साधु-संत एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह मंदिर इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस (इस्कॉन) द्वारा निर्मित किया जा रहा है, जो आगामी दो वर्षों में पूर्ण होगा। मंदिर निर्माण के लिए गरियाबंद के नीरज मिश्रा परिवार द्वारा चार एकड़ भूमि के साथ एक करोड़ रुपये की राशि प्रदान की गई है। भूमिपूजन के पश्चात इस्कॉन एवं स्थानीय कलाकारों द्वारा भावपूर्ण कृष्ण भजन एवं संकीर्तन की प्रस्तुति दी गई, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आशीर्वचन देते हुए परम पूज्य भक्ति सिद्धार्थ स्वामी महाराज ने कहा कि यह मंदिर केवल पूजा-अर्चना का केंद्र नहीं होगा, बल्कि समाज में आध्यात्मिक चेतना, नैतिक मूल्यों एवं सनातन संस्कृति के प्रचार-प्रसार का सशक्त माध्यम बनेगा।

**सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को मिलेगी नई दिशा-** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि इस्कॉन ने विश्वभर में भारतीय संस्कृति और कृष्ण भक्ति को नई पहचान दिलाई है। गरियाबंद में बनने वाला यह मंदिर आस्था का नया दीप प्रज्वलित करेगा। इससे धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन को नई दिशा मिलेगी। उन्होंने इस ऐतिहासिक पहल के लिए इस्कॉन संस्था और भूमि दानदाता मिश्रा परिवार की सराहना की। सांसद रूप कुमारी चौधरी ने कहा कि गरियाबंद जिला सदैव धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में अग्रणी रहा है।

**मंदिर का शिखर होगा 51 फीट ऊंचा-** इस्कॉन मंदिर के निर्माण से यह जिला धार्मिक दृष्टि से नई पहचान स्थापित करेगा। राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि श्री श्री राधा गिरिधारी मंदिर क्षेत्रवासियों को धर्म और आस्था से जोड़ने का कार्य करेगा। महासमुंद विधायक योगेश्वर सिन्हा ने इसे धर्म और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता पर बल दिया। प्रस्तावित मंदिर का शिखर 51 फीट ऊंचा होगा। परिसर में मुख्य गर्भगृह, सत्संग व प्रवचन हॉल, गोशाला, अतिथि भवन, गीता अध्ययन केंद्र, पुस्तक स्टॉल तथा पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मंदिर के पूर्ण होने के बाद स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। कार्यक्रम में कलेक्टर बीएस उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### जिले में विस अध्यक्ष...

स्वागत से अभिभूत डॉ. रमन सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गरियाबंद में इस्कॉन मंदिर का निर्माण क्षेत्र की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई देगा। ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक केंद्र समाज में सकारात्मक ऊर्जा, संस्कार और समरसता का संचार करते हैं। इस मौके पर पूर्व विधायक गोवर्धन सिंह मांझी, डमरूधर पुजारी, संतोष उपाध्याय, बलदेव सिंह हुंदल, लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला कोषाध्यक्ष अजय रोहरा, गुरुनारायण तिवारी, ईश्वर साहू, सुरेंद्र सोनटेके, नरोत्तम साहू, लेखराम ध्रुवा, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, मिलेश्वरी साहू, फारुख चौधरी, प्रशांत मानिकपुरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष बिंदु सिन्हा, भाजयुमो अध्यक्ष हेमंत नागेश, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू, सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, उमेश सिंह, भीम निषाद, रिजवान मेमन, पंकज निर्मलकर, अमित बखारिया, यश मिश्रा, भीम साहू सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### निर्माण में लापरवाही...

सकें। आगामी समय में इस हॉस्टल का निर्माण पूर्ण होने पर मैनपुर क्षेत्र के शिक्षा व्यवस्था के क्षेत्र में नए युग की शुरुआत होगी, निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री उईके ने बनने वाले भवन की संरचना, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता तथा कार्य की गति को भी निगरानी में रखते हुए कार्य को पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह हॉस्टल इस क्षेत्र के शिक्षा व्यवस्था के लिए जीवनरेखा साबित होगी, इसलिए निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### छत पर लग...

लाल गंधर्व अपने दो मित्रों के साथ छत पर चला गया। बताया जा रहा है कि शिक्षक को अपनी ओर आता देख छात्र घबरा गया और नीचे उतरने के चक्कर में उसने छत से छलांग लगा दी। इस ऊँचाई से गिरने के कारण उसके दोनों पैर गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गए।

### वॉलीबॉल के रोमांचक...

कवर्धा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया था। प्रतियोगिता के सभी मुकाबले राष्ट्रीय स्तर के रेफरी की देखरेख में संपन्न हुए। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती हैं। आयोजन को सफल बनाने में छगन यादव, प्रकाश सरवैया, ललित साहू, प्रकाश सोनी, सूरज सिन्हा, अनुराग केला, क्षितिज गुप्ता, वैभव ठक्कर, बाबू भोसले, गुंचू यादव, कादर अली, नमन सेन, कृष्णा कश्यप, जय मुनि, मनोज भगत, लच्छी यादव, संतोष यादव, जगदीश यादव, कमलेश यादव, कार्तिक यादव, सुनील यादव, शुभम यादव, अमान मेमन, कृष्ण ठाकुर, चीनू ठाकुर, अंकित सिन्हा, शिवा सुमन, चंदन मलय, चंद्रशेखर, लोकू सिन्हा, भूपेंद्र कश्यप, आकाश तिवारी, निक्की रावत एवं वीर का सराहनीय सहयोग रहा।

# परसुलीभांठा में फिर शुरू हुआ साप्ताहिक बाजार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्रा

संतोषी नगर परसुली भाठा में पुनः साप्ताहिक बाजार की शुरुआत हुई।

■ बाजार स्थल में मुरूम डालकर किया गया समतलीकरण

इसके पूर्व में यह बाजार परसुली गांव के शासकीय राशन दुकान के पास संचालित रहा। इस पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के बुजुर्गों की सहमति से फिर पुनः संतोषी नगर बुढादेव शा. उच्चतर मा. विद्यालय परसुली के सामने साप्ताहिक बाजार शुक्रवार को लगेगी।

इस जगह को मुरूम डाल कर समतलीकरण करके व्यवस्थित किया गया।

## खबर संक्षेप



### पिछड़ा वर्ग मोर्चा के सदस्य विकास साहू ने की विधायक से मुलाकात

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति में राजिम के विकास साहू को सदस्य बनाया गया है। वे विधायक रोहित साहू, राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, जिला भाजपा अध्यक्ष अनिल चंद्राकर एवं पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय मुलाकात कर आशीर्वाद लिया। श्री साहू ने प्रदेश कार्य समिति में सदस्य बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास उन पर जताया है, उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करेंगे। वे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के माध्यम से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने तथा पार्टी हित में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। भाजपा की विचारधारा और नीति तथा केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पिछड़ा वर्ग समाज तक प्रभावी ढंग से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता में शामिल होगी।

### सरपंच ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**नर्रा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम झलमला के आंगनबाड़ी केंद्र में 21 दिसंबर को शून्य से पांच वर्ष के बच्चे को पोलियो की दवा पिलाई गई जिसमें स्थानीय सरपंच पूर्णिमा परमेश्वर सोनवानी ने बच्चे को पोलियो की दवा दो बूंद पिलाकर शुभारंभ किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डालेश्वरी सोनवानी, मितानिन मानबाई ठाकुर समेत शिशुवती माताएं मौजूद रहे।

### जनपद सदस्य ने बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

**नर्रा।** पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्राम बनियातोरा के आंगनबाड़ी केंद्र में 21 दिसंबर को शून्य से पांच साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य लोचन पटेल ने बच्चे को पोलियो की खुराक पिलाकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह एक बहुत ही जिम्मेदार निर्णय लिया है, जो न केवल आपके बच्चे को बल्कि पूरे समाज को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने में मदद करता है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-मानकी पटेल, मोना पटेल, पीला पटेल, भेखराम पटेल के अलावा शिशुवती माताएं उपस्थित रहे।

### नगर पालिका उपाध्यक्ष ने पिलाई पोलियो की दवा

**बागबाहरा।** पल्स पोलियो अभियान की शुरुआत करते हुए देवेश साहू पार्षद वार्ड नंबर 2 उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद बागबाहरा ने व्यापारी तालाब स्थित वार्ड पहुंचें जहां मितानिन विद्या वैष्णो, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं मोहल्लेवासियों की उपस्थिति में बच्चों को दवा पिलाई।

### सिंघनपुर में बच्चों की दी गई पोलियो की खुराक

**झलप।** समीपस्थ ग्राम सिंघनपुर में पल्स पोलियो अभियान के तहत 30 बच्चों को पोलियो की खुराक दी गई। इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व जनपद सभापति एवं उप सरपंच सिंघनपुर रामेश्वर गब्बर साहू ने भारत को पोलियो मुक्त कराने हेतु सभी जागरूक नागरिकों से अनुरोध किया है कि आप अपने क्षेत्र के हर गांववासियों को इस खुराक के महत्व की जानकारी दें, इस महान कार्य में भागीदार बने। इस वर्ष पल्स पोलियो अभियान 21 दिसंबर से 23 दिसंबर तक पूरे भारत वर्ष के आयोजित किया जा रहा है।

### प्रायोगिक परीक्षा आज से

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय के बीए/बीएससी प्रथम सेमेस्टर, डीएससी/जीई (भूगोल) विषय के नियमित एवं अमहाविद्यालयीन परीक्षार्थियों की सेमेस्टर प्रायोगिक परीक्षा 23 दिसंबर को समय-सुबह 9 एवं 24 दिसंबर को सुबह 10 से 4 बजे तक विज्ञान भवन मचेवा में आयोजित होगी।

---

### धान खरीदी : लोहझर केंद्र में अब तक 28,432 क्विंटल धान की हुई खरीदी

# परिवहन ठप होने से समितियों में धान का पहाड़ ग्रामीणों ने खेल मैदान देने से किया इनकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आदिम जाति सेवा समितियों के माध्यम से जारी धान खरीदी अब गंभीर संकट में घिर गई है। खरीदी शुरू हुए एक महीने से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन उठाव (परिवहन) न होने के कारण मंडियों में धान रखने की जगह नहीं बची है। समितियों को अब 'सुखत' (धान का वजन कम होना) और आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है, जिससे कर्मचारियों के वेतन पर भी संकट मंडरा रहा है। आदिम जाति सेवा समिति लोहझर के प्रभारी रमेश ध्रुव ने बताया कि केंद्र में अब तक 28,432 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है, लेकिन परिवहन के नाम पर मात्र एक गाड़ी (350 क्विंटल) का ही उठाव हुआ है। आलम यह है कि हाई स्कूल का पूरा खेल मैदान धान की बोरियों से पट गया है। इसके कारण स्कूल और गांव में होने वाली खेल स्पर्धाएं पूरी तरह बंद हो गई हैं। वर्तमान में मैदान में 28,082 क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है।



#### रानी परतेव में ग्रामीणों ने खेल मैदान देने से किया मना

यही स्थिति रानी परतेवा समिति की भी है। प्रभारी कुलेश्वर सोनवानी के अनुसार यहां 18,800 क्विंटल (लगभग 47,200 कट्टे) धान जमा है। परिवहन न होने से नई खरीदी के लिए जगह नहीं बची है। पिछले वर्षों में जून महीने तक धान का उठाव नहीं होने से खेल गतिविधियों को भारी नुकसान हुआ था, जिसे देखते हुए इस बार ग्रामीणों ने खेल मैदान देने से साफ मना कर दिया है। समिति ने तहसील कार्यालय से मदद मांगी, लेकिन तहसीलदार ने इसे स्थानीय व्यवस्था बताकर पल्ला झाड़ लिया।

#### समितियों पर आर्थिक बोझ और वेतन का संकट

समिति प्रबंधकों का कहना है कि शासन के नियमानुसार खरीदी के तुरंत बाद परिवहन होना चाहिए, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है। धूप और हवा के कारण धान सूखता है (सुखत), जिसका हर्जाना समितियों को भुगतना पड़ता है। इस नुकसान के कारण समितियों की आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो जाती है कि कर्मचारियों को 5 से 7 महीने तक बिना वेतन के काम करना पड़ता है।

#### दो दिन में उठाव नहीं तो बंद होगी खरीदी

प्रभारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आज और कल में परिवहन शुरू नहीं हुआ, तो धान खरीदी बंद करनी पड़ेगी। धान की सुरक्षा और रखवाली की पूरी जिम्मेदारी समिति की होती है, और भारी मात्रा में स्टॉक होने के कारण इसकी निगरानी असंभव होती जा रही है।

---

# मिशन प्रवेश 2025 से नवोदय चयन में 52 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि

**गरियाबंद।** गरियाबंद भौगोलिक रूप से सुंदर लेकिन सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों वाला क्षेत्र रहा है, जहां शासकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में भागीदारी सीमित रही है। विगत वर्षों में यह अनुभव करते हुए कि क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, बल्कि सुनियोजित मार्गदर्शन, सतत अभ्यास एवं परीक्षा अनुकूल परिवेश का अभाव है। इस स्थिति को बदलने के उद्देश्य से वर्ष 2024-25 में जिला प्रशासन द्वारा "मिशन प्रवेश 2025" की शुरुआत की गई। जिसका लक्ष्य नवोदय, प्रयास, एकलव्य एवं मेरिट छात्रवृत्ति जैसी परीक्षाओं में शासकीय विद्यालयों से अधिकतम चयन सुनिश्चित करना है। कक्षा 5वीं एवं 8वीं की शैक्षणिक गुणवत्ता में संस्थागत सुधार, नियमित शिक्षण से एकीकरण, शिक्षक का नेतृत्व और अकादमिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करना है। अभियान के अंतर्गत सर्वसमावेशी पंजीयन अंतर्गत जिले के समस्त पात्र विद्यार्थियों का पंजीयन कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र अवसर से वंचित न रहे। इससे प्रारंभिक स्तर पर ही संभावित विद्यार्थियों की पहचान संभव हो रही है। अक्टुबर माह से कक्षा 5वीं एवं 8वीं में प्रतिदिन अंतिम कालखण्ड में परीक्षा उन्मुख शिक्षण के साथ विभिन्न विषयों जैसे गणित, हिन्दी, विज्ञान एवं तार्किक क्षमता, पाठ्यक्रम आधारित प्रश्न, पूर्ववर्ष प्रश्नपत्र का अभ्यास एवं अभ्यास पत्रक के माध्यम से तैयारी कराया जा रहा है। प्रत्येक शनिवार स्कूल स्तर पर 1 घंटे की विशेष कोचिंग एवं ओएमआर आधारित मॉकटेस्ट, उसी दिन मूल्यांकन एवं फिडबैक के द्वारा परीक्षा के लिए अनुभव एवं आत्मविश्वास विकसित किया जा रहा है।

#### कक्षा 5वीं एवं 8वी के शैक्षणिक परिणामों में हुआ सुधार

जिले के 150 से अधिक स्कूल केंद्रों में सप्ताहिक कोचिंग व्यवस्था, प्राचार्य को नोडल का दायित्व, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर स्क्रीनिंग टेस्ट, शिर्ष विद्यार्थियों के लिए जिला स्तरीय कार्यशालाएं आयोजित कर निगरानी एवं उत्तरदायित्व की स्पष्ट संरचना निर्मित की जा रही है। डिजिटल मॉनिटरिंग के माध्यम से जिला स्तरीय व्हाट्सअप समूह, प्रश्न बैंक वीडियों, अभ्यास सामग्री, सतत निगरानी, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों व स्कूलों का सम्मान किया जा रहा है। इन सुनियोजित प्रयासों का परिणाम यह रहा कि नवोदय चयन प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। सत्र 2023-24 में जहां 80 में 23 का चयन हुआ जो कि 28.75 प्रतिशत था, वहीं 2024-25 में बढ़कर यह 80 में 35 हुआ है जो कि 43.75 प्रतिशत है, यानी लगभग 52 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि। इस मिशन के माध्यम से शासकीय विद्यालयों से चयनित विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि दर्ज किया गया, कक्षा 5वीं एवं 8वी के शैक्षणिक परिणामों में सुधार हुआ, परीक्षा उन्मुख शिक्षण क्षमता का विकास और जिला मॉडल का निर्माण संभव हो पा रहा है। मिशन प्रवेश 2025 ने जिले को शैक्षणिक नवाचार, शिक्षक सहभागिता और समावेशी उत्कृष्टता का एक सफल एवं दोहराने योग्य मॉडल स्थापित किया है।

---

# मैनपुर के आश्रम परिसर में फैले कीचड़ को देख नाराज हुए कलेक्टर

### तत्काल नाली निर्माण के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के बीचो बीच स्थित आदिवासी बालक आश्रम, प्री मैट्रिक छात्रवास एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवास एवं कन्या छात्रवास चार छात्रवास एक परिषर में संचालित हो रहा है लेकिन परिषर में गंदा पानी निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण गंदा पानी भर गया है और वह कीचड़ में तब्दील हो गया है जिससे उठने वाले दुर्गंध और बदबु से छात्र -छात्राएं परेशान है। इस परिषर में 500 छात्र -छात्राएं अध्यनरत है। इस खबर को हरिभूमि ने 04 दिसम्बर 2025 को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था जिसके बाद गरियाबंद जिले के कलेक्टर ने इस मामले को संज्ञान में लिया और मैनपुर पहुंचे कलेक्टर ने आश्रम का निरीक्षण कर आश्रम परिषर में गंदगी और कीचड़ को देखकर भारी नराजगी जताई साथ ही स्वयं पैदल निरीक्षण कर तत्काल नाली निर्माण कर गंदे पानी की निकासी करने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि हॉस्टल के सामने भरी पानी को तत्काल खाली कराएं। इसके अलावा स्थायी पानी निकासी के लिए नाली निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। नाली निर्माण के लिए बनाएं जाने वाले स्थानों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने सभी मापदंडों को ध्यान में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आश्रम के सामने बने अवैध अतिक्रमण को हटाने के नोटिस देने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य लोकश्वरी नेताम, संजय नेताम, एसडीएम मैनपुर तुलसी राम मरकाम, मैनपुर सीईओ डीएस नागवंशी, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, बीईओ महेश पटेल, बीआरसीसी शिवकुमार नागे अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




छात्रावास परिसर में स्वास्थ्य संकट, कीचड़ और गंदे पानी के जमाव से 500 छात्रों पर संक्रमण का खतरा

---

# किसानों को रासायनिक खेती को त्याग प्राकृतिक खेती अपनाने की दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से खेतों की मिट्टी दिन ब दिन बेजान होती जा रही है, और इससे तैयार फसलें सेहत के लिए भी खतरा बनती जा रही है, अब किसानों को एक बार फिर प्राकृतिक खेती की ओर रुख करना चाहिए। भावेश कुमार शांडिल्य वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने बताया कि रासायनिक खाद का कीमत भी अधिक है, उनका असंतुलन तरीके से उपयोग के कारण जमीन की भौतिक एवं रासायनिक स्थिति में परिवर्तन हो रहा है। जिसके कारण अधिक खाद डालने पर भी उत्पादन नहीं बढ़ रही है । इसलिए सभी किसानों को जैविक खेती करने की सलाह दी गई। सभी किसान कम से कम आधा एकड़ में अपने खाने के लिए जैविक तरीके से धान की खेती करें। अपने विकासखंड के सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र में किसानों से करने के लिए निर्देशित किया गया है। सभी किसानों को ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रोमन लाल ठाकुर, संजय बघेल ने कहा कि इस दिशा में जीवामृत किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। यह जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ ही फसलों की गुणवत्ता भी सुधारती है। कई अध्ययन और वैज्ञानिक चेतावनियां यह साबित कर चुकी है कि केमिकल युक्त खेती से केवल फसलें जहरीली हो रही है, बल्कि उन्हें खाने से कैंसर, हार्मोनल असंतुलन और पाचन संबंधी रोग जैसी गंभीर बीमारियां भी हो सकती है, साथ ही, लंबे समय तक रासायनिक उर्वरक के उपयोग से मिट्टी की संरचना और उपजाऊ क्षमता भी नष्ट हो जाती है।

#### बेजान होती मिट्टी को बचाने जीवामृत सहारा



जीवामृत, एक पूर्णतः जैविक खाद है,जो खेत की मिट्टी को फिर से सक्रिय और उर्वर बनाता है। यह खेती को रासायनिक निर्भरता से मुक्त कर एक हरित और टिकाऊ विकल्प प्रदान करता है। खास बात है कि इसे किसान घर पर ही कम लागत में आसानी से तैयार कर सकते हैं। इसे बनाने की विधि बेहद सरल है और इसके लिए आवश्यक सामग्री भी आसपास से ही जुटाई जा सकती है। 10 किलो देसी गाय का गोबर, 10 लीटर गोमूत्र, 2 किलो बेसन, 2 किलो गुड़ के साथ थोड़ी मात्रा में पीपल या बरगद के पेड़ के नीचे की मिट्टी और 200 लीटर पानी और एक ड्रम में इन सभी को ड्रम में मिलाकर, लकड़ी की छड़ी से घड़ी की दिशा में घुमाएं, और मिश्रण को दो दिन तक ढंककर रखें। इसके बाद इस घोल को स्प्रे या सिंचाई के जरिए खेतों में इस्तेमाल किया जा सकता है। यह सूक्ष्म जीवाणुओं की संख्या को बढ़ाता है, जो मिट्टी की उर्वरता में अहम भूमिका निभाते हैं। जीवामृत के इस्तेमाल से किसानों को कई फायदे होते हैं, रासायनिक खाद पर निर्भरता खत्म होती है और पोषक तत्वों से भरपूर फसले तैयार होती है और मिट्टी में जीवाणुओं की संख्या बढ़ती है, जिससे उर्वरता में सुधार होता है।

---

# जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू का जन्मदिन मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सामाजिक नेतृत्व और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व, जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू का जन्मदिन उनके समर्थकों और समाज के लोगों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और समाज उत्थान के संकल्पों को सराहते हुए प्रदेश साहू संघ, तहसील परिक्षेत्र पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य और दीर्घायु की शुभकामनाएं दीं। जन्मदिन के अवसर पर शेखर साहू ने जानकारी दी कि मौली माता और बड़देबाबा देव मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान क्षेत्र की सुख, शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की गई।



समर्थकों ने प्रवीण साहू के उत्तम स्वास्थ्य और सफलता की कामना की, ताकि वे निरंतर समाज की सेवा और न्याय के लिए कार्य करते रहें। क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को 'करी लड्डू' बांटे गए।

स्थानीय अस्पताल में पहुंचकर मरीजों का हाल-चाल जाना गया और उन्हें फलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जनपद सदस्य डॉ. टायल साहू, निर्मला साहू, शेखर साहू, देवराज साहू, कुंजन साहू, मिथालेश ध्रुव, छबि यादव, छाया साहू, नवीन भाई, अशोक साहू, राकेश साहू, किशोर साहू, राधेश्याम साहू, अंकुर पहाड़िया, महेश साहू, सुख राम, रोशन साहू, जुगराम साहू, डगन साहू, डाहरु साहू, गंगा राम साहू, गणेश साहू, सुरेश साहू, आनंद साहू, शिवम सिन्हा, अरुण साहू, गोविंद साहू, चेतन साहू, यशवंत साहू, तुला राम, विक्रम साहू, नूतन साहू, भोज सेन, देवेंद्र ध्रुव, तारन दास, विवेक साहू, मोहन साहू, फलेश्वर साहू, सुरेंद्र साहू, शुभम सिन्हा, विकास साहू, वेदप्रकाश, परमेश्वर, होमेश, तालेश, पप्पू, नितेश और छगन सहित बड़ी संख्या में स्वजन और समर्थक उपस्थित रहे।

---




### पंडित सुंदरलाल की मनाई गई जयंती

**राजिम।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित सुंदरलाल शर्मा जी की जयंती अवसर पर प्रातः ब्रह्मचर्य आश्रम से प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी पंडित सुंदरलाल शर्मा चौक पहुंची। पंडित जी के प्रतिमा में माल्यार्पण कर ब्रह्मचर्य आश्रम के बच्चों द्वारा स्वस्तिवाचन का पाठ करते हुए राष्ट्रगान किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय अनिल तिवारी, पदमा दुबे ने पंडित शर्मा जी के जीवनी पर प्रकाश डाला। विधायक रोहित साहू ने कहा कि पंडित सुंदरलाल शर्मा जी एक पुरोधा थे। विकास पुरुष थे। कार्यक्रम में विकास शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा, सुनील तिवारी, विवेक शर्मा, महितोष शर्मा, धीरेंद्र शर्मा, बसंत शर्मा, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, पंडित सुंदरलाल शर्मा की प्रपौत्र वधू स्वाति शर्मा, विप्र महिला मंडल की अध्यक्ष सीमा शर्मा, लता दुबे, शिखा शर्मा, मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू मौजूद थे।

---

### गौरव गरियाबंद अभियान से बोर्ड परिणामों में निरंतर सुधार, 10वीं में 80 प्रतिशत एवं 12वीं में 90.10 प्रतिशत उपलब्धि

# सफलता का नया अध्याय, गौरव गरियाबंद अभियान से चमके बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

> ■ राज्य स्तर पर जिले की रैंक में उल्लेखनीय प्रगति

10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में निरंतर एवं गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा विगत दो वर्षों से गौरव गरियाबंद अभियान का योजनाबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता को सुदृढ़ करना, परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित करना है, जिससे जिले के शैक्षणिक परिणाम राज्य स्तर पर बेहतर हो सकें। अभियान के अंतर्गत बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विषयवार कार्ययोजना तैयार की गई। कमजोर अध्यायों एवं विषयों की पहचान कर विशेष शिक्षण सत्र, अतिरिक्त कक्षाएँ एवं संदेह समाधान कक्षाओं का आयोजन किया गया। मॉडल प्रश्नपत्र, अभ्यास पत्रक, पूर्ववर्ष के प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास तथा समयबद्ध मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न से भली-भांति परिचित कराया गया। स्कूल, संकुल, विकासखंड एवं जिला स्तर पर मॉक टेस्ट आयोजित कर विद्यार्थियों की प्रगति की सतत निगरानी की गई और प्राप्त परिणामों के आधार पर सुधारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

**टीमवर्क के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता में व्यापक सुधार संभव-** गौरव गरियाबंद अभियान के इन समन्वित प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव बोर्ड परीक्षा परिणामों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ है। विगत वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले का कुल परिणाम 80 प्रतिशत रहा, जबकि 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90.10 प्रतिशत का उल्लेखनीय परिणाम दर्ज किया गया। 12वीं कक्षा में गरियाबंद जिले ने राज्य स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया, वहीं 10वीं कक्षा में जिले की रैंक 14वीं रही। यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि दो वर्ष पूर्व 12वीं कक्षा में जिले की रैंक 22वीं तथा 10वीं कक्षा में 18वीं थी। इन उपलब्धियों से यह सिद्ध होता है कि सतत प्रयास, प्रभावी अकादमिक नेतृत्व एवं टीमवर्क के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता में व्यापक सुधार संभव है। गौरव गरियाबंद अभियान ने जिले को शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त, प्रेरक एवं अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित किया है, जो आगामी वर्षों में और अधिक उत्कृष्ट परिणामों की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

#### जिले का परिणाम 80 प्रतिशत रहा

गौरव गरियाबंद अभियान के इन समन्वित प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव बोर्ड परीक्षा परिणामों में स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ है। विगत वर्ष 10वीं बोर्ड परीक्षा में जिले का कुल परिणाम 80 प्रतिशत रहा, जबकि 12वीं बोर्ड परीक्षा में 90.10 प्रतिशत का उल्लेखनीय परिणाम दर्ज किया गया। 12वीं कक्षा में गरियाबंद जिले ने राज्य स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया, वहीं 10वीं कक्षा में जिले की रैंक 14वीं रही। यह उपलब्धि विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि दो वर्ष पूर्व 12वीं कक्षा में जिले की रैंक 22वीं तथा 10वीं कक्षा में 18वीं थी। इन उपलब्धियों से यह सिद्ध होता है कि सतत प्रयास, प्रभावी अकादमिक नेतृत्व एवं टीमवर्क के माध्यम से शैक्षणिक गुणवत्ता में व्यापक सुधार संभव है। "गौरव गरियाबंद" अभियान ने जिले को शिक्षा के क्षेत्र में एक सशक्त, प्रेरक एवं अनुकरणीय मॉडल के रूप में स्थापित किया है, जो आगामी वर्षों में और अधिक उत्कृष्ट परिणामों की दिशा में मार्ग प्रशस्त कर रहा है।गरियाबंद 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों में निरंतर एवं गुणात्मक सुधार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन गरियाबंद द्वारा विगत दो वर्षों से गौरव गरियाबंद अभियान का योजनाबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान का प्रमुख लक्ष्य शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों की शैक्षणिक क्षमता को सुदृढ़ करना, परीक्षा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना तथा शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच समन्वय स्थापित करना है, जिससे जिले के शैक्षणिक परिणाम राज्य स्तर पर बेहतर हो सकें। अभियान के अंतर्गत बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए विषयवार कार्ययोजना तैयार की गई। कमजोर अध्यायों एवं विषयों की पहचान कर विशेष शिक्षण सत्र, अतिरिक्त कक्षाएँ एवं संदेह समाधान कक्षाओं का आयोजन किया गया। मॉडल प्रश्नपत्र, अभ्यास पत्रक, पूर्ववर्ष के प्रश्नपत्रों का नियमित अभ्यास तथा समयबद्ध मूल्यांकन के माध्यम से विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न से भली-भांति परिचित कराया गया। स्कूल, संकुल, विकासखंड एवं जिला स्तर पर मॉक टेस्ट आयोजित कर विद्यार्थियों की प्रगति की सतत निगरानी की गई और प्राप्त परिणामों के आधार पर सुधारात्मक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

**खबर संक्षेप**

## मंजू ध्रुव बनीं, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष

**छुरा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस संगठन ने जिले में संगठन को नई धार देने के उद्देश्य से बड़ा फैसला लिया है। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद फुलो देवी नेताम द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के तहत मंजू ध्रुव को गरियाबंद जिला महिला कांग्रेस का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह आदेश 21 दिसंबर 2025 से तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है। प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से जारी आधिकारिक



आदेश में कहा गया है कि श्रीमती मंजू ध्रुव कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों, नीतियों और संगठनात्मक कार्यों में लंबे समय से सक्रिय रही हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सामाजिक जुड़ाव और महिलाओं के बीच मजबूत पकड़ को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति आदेश में यह अपेक्षा भी जताई गई है कि नवनियुक्त जिला अध्यक्ष मंजू ध्रुव गरियाबंद जिले में महिला कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगी। वे महिलाओं को संगठन से जोड़ने, पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज की अंतिम महिला तक पहुंचाने का कार्य करेंगी। मंजू ध्रुव की नियुक्ति की खबर के बाद गरियाबंद जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और महिला कांग्रेस पदाधिकारियों में उत्साह देखा जा रहा है। पार्टी नेताओं ने इसे संगठन को मजबूती देने वाला निर्णय बताया है और उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में महिला कांग्रेस आगामी दिनों में जिले में अधिक सक्रिय और प्रभावी भूमिका निभाएगी। प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष फुलो देवी नेताम के हस्ताक्षर से जारी यह आदेश तत्काल प्रभावशील घोषित किया गया है। नियुक्ति के साथ ही मंजू ध्रुव ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने और महिलाओं की आवाज को मजबूती से उठाने का संकल्प लिया है।

## वनांचल में दम तोड़ती जल जीवन मिशन योजना

**रसेला।** क्षेत्र में केन्द्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन वनांचल क्षेत्र में दम तोड़ती नजर आ रही है। इसके लिए अधिकारियों और ठेकेदार की मनमानी को ग्रामीणों ने जिम्मेदार ठहराया है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा विकासखंड के प्रत्येक गांव में आबादी के अनुसार लाखों -करोड़ों रुपए खर्च कर प्रत्येक गांव में उचित स्थान पर पानी टंकी बनाकर पाइप लाइन के माध्यम से घर-घर तक नल में पानी पहुंचाने जल जीवन मिशन योजना लागू की गई, जिसमें ठेकेदारों के माध्यम से शासन के नियमानुसार कार्य आरंभ किया गया जिसमें संबंधित अधिकारियों की मनमानी के कारण घर तक नल से पानी पहुंचना तों दूर कहीं टंकी अधूरा तो कहीं टंकी का निर्माण शुरू नहीं हुआ है, ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत दादरगाव नया के आश्रित ग्राम फूलबाहरा में अभी तक टंकी का कलाम खड़ा नहीं हुआ है। इस तरह ग्राम पंचायत रूवाड के आश्रित ग्राम लादाबाहरा का भी है। लादाबाहरा के निवासी हीरालाल सोरी, मंगलू ओटी, कमलसिंह सोरी, कुमानसिह, भगवानसिंह, तुलसीराम सहित ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर नल का चेंबर घरों में बनाया गया है, जो टूट रहा है, और पानी की टंकी का निर्माण नियू खोदकर छोड़ दिया गया है। इसी कड़ी में फूलबाहरा के ग्रामीणों पंच सुनीता नेताम, केवल साहू, तरूण साहू, देवेन्द्र साहू, ठाकुर राम आदि ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना का पानी भले ही फाइलों में बह रहा होगा लेकिन वास्तविकता यह है कि पानी की तलाश में गांव की महिलाएं भटकती हुई नजर आ रही है। गांव की महिलाएं पानी नहीं मिलने से दूसरे के घरों से पानी लाकर निस्तारी करने के लिए मजबूर हैं। कुल मिलाकर क्षेत्र में नल-जल योजना का हाल बेहाल है और कोई देखने वाला भी नहीं है।

# शहीद वीर नारायण सिंह के पदचिन्हों पर चलकर ही होगा समाज का उत्थान : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर (धवलपुर)

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 10 किलोमीटर दूर ग्राम धवलपुर में रविवार को सर्व आदिवासी विकास परिषद के तत्वावधान में महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह का शहादत दिवस गौरवपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई और विशाल आमसभा का आयोजन हुआ, जिसमें वनांचल क्षेत्र के हजारों आदिवासी समाज जन शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद वीर नारायण सिंह के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर किया गया। इससे पूर्व समाज द्वारा गांव में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज और उत्साहपूर्ण नारों के साथ पूरा धवलपुर क्षेत्र आदिवासी संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। समारोह के मुख्य अतिथि बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह ने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया। उन्होंने गरीबों की भलाई और देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। विधायक ने आह्वान किया कि हमें उनके आदर्शों को अपनाकर समाज, क्षेत्र और प्रदेश के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। जिला पंचायत सदस्य लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि आज का दिन केवल उत्सव मनाने का नहीं, बल्कि संकल्प लेने का दिन है। समाज के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक विकास के लिए तन-मन-धन से एकजुट होना होगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर और सर्व आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष कन्हैयालाल ठाकुर ने भी समाज की एकजुटता और अधिकारों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### धवलपुर में उमड़ा आदिवासियों का जनसैलाब




**सांस्कृतिक छटा और सम्मान समारोह**

कार्यक्रम के दौरान आदिवासी लोक संस्कृति पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज जनों और प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया। समारोह में संजय नेताम, जनपद सभापति ममता चन्द्राकर, राधा नागेश, तुलसी ध्रुव, दिनेश ठाकुर, और बड़ी संख्या में विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, पंच, और समाज प्रमुख मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में कन्हैयालाल ठाकुर, दिनेश नेताम और धवलपुर के स्थानीय कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा।

### जयंती : परसदा में गुरु घासीदास की 269वीं जयंती मनाई गई

# बाबा गुरु घासीदास सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम परसदा में गुरु घासीदास जी की 269 जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सतनाम संदेश शोभा यात्रा में समाज की युवतियां, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। इस दौरान गांव में जय सतनाम के जय घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। अखाड़े दल द्वारा शौर्य का प्रदर्शन किया गया। जैतखाम पर सफेद ध्वजा नया पालो (झंडा) चढ़ाया गया। पंथी दलों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा के साथ कला,नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधायक इंद्रकुमार साहू ने बाबा गुरू घासीदास जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सत्य मानव का आभूषण है, सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास मानव कल्याण, समानता और सामाजिक न्याय के प्रतीक है। उनके विचार समाज में समरसता की ज्योति बनकर मार्गदर्शन देती हैं। सरपंच रमेश वर्मा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी केवल एक संत ही नहीं बल्कि समाज सुधारक भी थे। उन्होंने मनखे मनखे एक समान का अमर संदेश देकर समाज में व्याप्त भेदभाव, ऊंच-नीच और कुरीतियां को जड़ से मिटाने का कार्य किया. संचालन सतनामी समाज के अध्यक्ष संतराम बारले ने किया। इस अवसर पर सतनामी समाज के विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों जिसमें राहुल खुटियारे, इंद्रजीत भारती, अशोक खुटियारे,होरीलाल बारले एवं शंकर कोसले का सम्मान शाल और श्रीफल भेंटकर किया गया. रात्रिकालीन मोर देश के माटी सोना बुढेरा खरोरा रायपुर वाले का सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी, जनपद अध्यक्ष चंद्रिका जितेंद्र बंजारे, चंद्रकला ध्रुव,चित्ररेखा तारक ,लुकेश लता साहू ,इंद्राणी साहू ,सतनामी समाज के ग्रामीण अध्यक्ष संतराम बारले,देवेंद्र महिलांग, प्रेम खुटियारे, गंगाराम महिलांग, रामजी खिलवारे,बैशाखू खिलवारे, विनोद सेन सहित ग्रामवासी मौजूद थे।





**बच्चे स्वस्थ समाज की नींव होते हैं**

विधायक इंद्रकुमार साहू ने इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र का लोकार्पण करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों, गर्भवती महिलाओ और धात्री माताओं के पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा की मजबूत नींव होते हैं। इस नए भवन के निर्माण से आसपास मोहल्ले के बच्चे सुरक्षित और बेहतर वातावरण में शिक्षा व पोषण सेवाएं, स्वास्थ्य मिल सकेगी। विधायक श्री साहू ने सतनामी समाज के रंगमंच निर्माण के लिए 5 लाख, ढीमर समाज के सामुदायिक भवन के लिए 7 लाख, सतनामी समाज के अहाता निर्माण के लिए स्टीमेट बनाकर देने के पश्चात राशि स्वीकृत करने की बात कही। भाजपा नेता रतिराम साहू ने कहा कि बच्चे स्वस्थ समाज की नींव होते है। नवीन आंगनबाड़ी भवन बनने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होगी। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार भरपूर प्रयास कर रही है। सरपंच रमेश वर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी भवन बनने से शिक्षा, पौष्टिक आहार, टीकाकरण, स्वास्थ्य जांच और पोषण शिक्षा के लिए लाभदायक होगा। उन्होंने संत बालक दास के चबूतरे पर स्टील ग्रील एवं टाइल्स लगाने की बात कही। इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सरिता महिलांग, प्रमिला महिलांग, संतराम बारले सहित अनेकों लोग मौजूद थे।



## परसदाकला में क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रवीण ने किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

जनपद पंचायत परसदाकला में सोमवार को पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला साहू संघ अध्यक्ष एवं जिला पंचायत सचिव प्रवीण साहू (बेलर) रहे, जिन्होंने फीता काटकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए प्रवीण साहू ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक तंदुरुस्ती के लिए जरूरी हैं, बल्कि ये युवाओं में अनुशासन और टीम भावना का संचार भी करते हैं। उन्होंने आयोजन की सराहना करते हुए कहा, /"पंचायत स्तर पर आयोजित ऐसे टूर्नामेंट ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक बेहतरीन मंच प्रदान करते हैं। श्री साहू ने उपस्थित युवाओं से अपील की कि वे खेल को करियर के रूप में अपनाएं और नशापान, अपराध व अन्य सामाजिक बुराइयों से दूर रहकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दें। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि क्षेत्र में खेल सुविधाओं के विस्तार और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहेंगे। प्रतियोगिता के पहले चरण में परसदाकला जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पतोरा, गनियारी, परसदाकला और बेलर की टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन मैच बेहद अनुशासित और खेल भावना के साथ शुरू हुआ। आयोजक समिति ने बताया कि इस टूर्नामेंट में जनपद के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों की अन्य टीमों के बीच भी कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। इस अवसर पर आयोजक समिति के सदस्यों द्वारा अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी, युवा और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

# कनसिंघी में सरपंच व महिलाओं ने रक्तदान कर पेश की मिसाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत कनसिंघी में समाजसेवी मनोज पटेल के निर्देशन में एवं आशीर्वाद ब्लड बैंक के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में गांव के युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। ग्राम में पहली बार आयोजित इस रक्तदान शिविर की खास बात यह रही कि महिलाओं ने भी आगे बढ़कर रक्तदान किया। शिविर के दौरान ग्राम पंचायत के सरपंच भोजराज नागेश ने स्वयं रक्तदान कर ग्रामीणों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। वहीं उमा सेन (पंच) एवं पुष्पा ध्रुव (आंगनबाड़ी सहायिका) ने पहली बार रक्तदान कर समाज के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान करने वालों में राधे सेन, रवि चंद्राकर, नरेश्वर ठाकुर, होमंत नेताम, कृपा चक्रधारी, संतोष कहार, प्रमोद साहू, समीर कुंजाम, महेश्वर ध्रुव, आयुष साहू, अरविंद साहू, कुशल ध्रुव, राजकुमार साहू एवं अमित कुंजाम सहित कुल 18 लोगों ने रक्तदान किया। शिविर के समापन पर आशीर्वाद ब्लड बैंक की ओर से सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि इस प्रकार के शिविर भविष्य में भी आयोजित किए जाएंगे ताकि जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

# 5 दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण में बच्चों के आधारभूत कौशल विकास पर जोर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

नवीन पाठ्यक्रम आधारित फाऊंडेशनल लिटरेसी न्यूमेरिकल शनिवार को शासकीय कन्या शाला राजिम में शिविर लगाया गया। जिसमें प्रथम दिवस हिंदी, द्वितीय दिवस गणित, तृतीय दिवस पर्यावरण आधारित प्रशिक्षण दिया गया। चतुर्थ, पंचम दिवस योग कला आधारित रहा। इस अवसर पर बीईओ एच के साहू ने एफएलएन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि कक्षा पहली से तीसरी तक के बच्चों को आधारभूत संख्या ज्ञान एवं हिंदी पाठयपुस्तक को धारा प्रवाह पढ़ने योग्य बनाने तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में बच्चों को चयन कराने अभी से रोड मैप तैयार करने की जरूरत बताएं। बीआरसीसी सुभाष शर्मा ने कहा कि एफएलएन 2027 तक चलेगी इसलिए सभी बच्चों तक एफएलएम का उद्देश्य पहुंचाने की जिम्मेदारी शिक्षको की है। इस अवसर पर डीआरजी ग्रुप से अनिल सिन्हा, समन्वयक दशरथ वर्मा, मास्टर ट्रेनर्स किरण साहू, सताक्षी शर्मा, परमेश्वर यादव, वरिष्ठ प्रधान पाठक संजय सिन्हा, खेलन साहू, गोप साहू, नंदकुमार सिन्हा, पुस्पक साहू, दिनेश्वरी साहू, विजय महोबिया, संतोष साहू, हेमलता ठाकुर, मीनाक्षी साहू, अन्नपूर्णा साहू, कमजीत वर्मा, उषा साहू मौजूद थे।

### शिव विवाह देख भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

# श्रीराम कथा जीने की कला सिखाती है : प्रशांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति द्वारा आयोजित, श्रीराधाकृष्ण मंदिर में अयोध्या से पधारे प्रशान्त जी महाराज प्रथम एवं द्वितीय दिवस कथा की महिमा बताते हुए कहा कि श्रीराम कथा जीने की कथा है। भगवान श्रीराम जी मर्यादा पुरुषोत्तम हैं श्रीराम जैसा तो नहीं बना जा सकता लेकिन राम जी के पद चिन्हों पर अवश्य चला जा सकता है। श्रीरामचंद्र गुण बरने लागा, सुनतहीं सीता कर दुख भागा। कहा कि श्रीराम कथा श्रवण करने मात्र से ही सारे दुख समाप्त हो जाता है। सती चरित्र और शिव विवाह की कथा का विस्तार करते हुए महाराज श्री ने कहा कि जीवन में कभी भी गुरु, माता, पिता, भगवान और मंत्र इनकी परीक्षा नहीं लेनी चाहिए। शिव विवाह की कथा



सुनाते हुए कहा कि शिवजी को विश्वास कहा गया है और पार्वती जी को श्रद्धा। श्रद्धा और विश्वास के मिलन को ही शिव विवाह कहते हैं। जब तक किसी के प्रति श्रद्धा नहीं होती तब तक विश्वास जन्म नहीं लेता। बाबा के श्रृंगार का अदभुत वर्णन करते हुए कहा कि जस दूलहु तसि बनी बराता। कौतुक बिबिध होहिं मग जाता। बाबा के विवाह में सब बाराती भूत, प्रेत, नित्य किए सभी श्रोता हुए भाव विभोर हो



गए। भगवान शिव जब दूल्हे बनकर नंदी पर सवार होकर बारात लेकर पहुंचे तो कथा पंडाल पर पहुंचे तो श्रोता बाराती सभी झूम झूम कर नाचने लगे। समिति के संस्थापक राजू काबरा ने बताया कि द्वितीय दिवस के प्रमुख यजमान मनहरण-तारणी शर्मा थे। कथा श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन पहुंचे हुए थे।

## भूषण भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में भूषण सोना को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। उन्होने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसे वे पूरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करेंगे।

### शिविर में 64 लोगों ने किया रक्तदान

**नवापारा-राजिम।** संत निरंकारी चेरीटेबल फाउण्डेशन द्वारा सिंधी गुरूद्वारा में रक्तदान शिविर में 48 पुरूष एवं 16 महिलाओं ने रक्तदान किया। जानकारी के मुताबिक पहली बार रक्तदान करने वालों की संख्या अधिक थी।

